आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 8(एक भारत श्रेष्ठ भारत)अकाद / आकाशि / 2019 / 293 दिनांकः 17 जुलाई, 2019

समस्त प्राचार्य,
राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की 150वीं जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं समारोह के संबंध में दिनांक 08.07.19 के कार्यवाही विवरण की कियान्विति किए जाने बाबत।

संदर्भः शासन सचिव के पत्र कमांक प.1(28)त. शिक्षा / 2015 दिनांक 8.7.2019 के कम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की 150वीं जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों एवं समारोह के संबंध में दिनांक 08.07.19 के कार्यवाही विवरण में दिये गये बिन्दुओ की कियान्विति किया जाना सुनिश्चित करें –

1. सभी महाविद्यालयों द्वारा अगले 04 माह के लिए तिथिवार एवं गतिविधिवार एक कार्य योजना का निर्माण किया जाए।
2. कार्य–योजना में जुलाई–अगस्त, 2019 में वृक्षारोपण एवं जल–संरक्षण को सम्मिलित किया जाए एवं वृक्षारोपण में प्रत्येक नव नामांकित विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। सितम्बर–अक्टूबर, 2019 में महाविद्यालयों में रक्तदान, सफाई अभियान, गांधीजी से सम्बन्धित पुस्तकों की प्रदर्शनी, खादी, गांधीजी की फोटो गैलेरी का प्रदर्शन आदि गतिविधियां आयोजित की जाए।
3. कार्य योजना में उक्तानुसार गांधी दर्शन पर विचार गोष्ठियां एवं सेमिनार आयोजित किये जाए, जिसमें गांधी सिद्धान्त व दर्शन की आज के समय में प्रासंगिकता विषय को विशेष रूप से सम्मिलित किया जाए।
4. गांधीजी के इतिहास से सम्बन्धित विशिष्ठ तिथियां यथा 08 अगस्त (भारत छोडो आन्दोलन), 2 अक्टूबर (गांधी जयन्ती) एवं 30 जनवरी (शहीद दिवस) आदि को महाविद्यालयों द्वारा कलस्टर बनाकर वृहद स्तर पर आयोजन किया जाए।
5. स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत समस्त महाविद्यालयों के स्टाफ / सदस्यों / कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एक दिवस विशेष को सफाई कार्य को अंजाम दिया जाये ताकि सार्थक परिणाम आ सके।
6. प्रत्येक गतिविधि का डाक्यूमेंटेशन मय फोटोग्राफ तैयार किया जाकर इसका समुचित प्रचार–प्रसार किया जाये ताकि जन–चेतना विकसित की जा सके।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार बोरड)
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ठ शासन सचिव,
उच्च शिक्षा, राजस्थान,

क्रमांक: एफ 8 (एक भारत श्रेष्ठ भारत) अकाद / आकाशि / 19 / 293 दिनांक: 17-7-19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, शासन सचिवालय, जयपुर को उनके पत्र दिनांक 08.07.19 के कम में सूचनार्थ।
2. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय,कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।

17/7/19
(डा. आर.सी. मीना)
संयुक्त निदेशक(अकादमिक)